Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding issues pertaining to linking of villages by roads under PMGS Yojana-laid.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 500 तक की आबादी के राजस्व गांव सड़को से जुड़े है । इसमें 2001 की जनगणना के आधार पर सड़को का निर्माण हुआ । योजना का उद्देश्य गांवो को सड़को से जोड़ने का है परन्तु ऐसे राजस्व गांव जो 2001 के बाद बने एवं उनकी जनसंख्या आज 500 से अधिक है वो तथा ऐसे राजस्व गांव जिनकी जनसंख्या 2001 में 500 नही थी परन्तु 2011 की जनगणना में 500 से अधिक हो गई, ऐसे राजस्व गांव सड़क से नहीं जुड़ पा रहे है । मेरा सरकार से निवेदन है कि वर्ष 2001 के बाद बने या जिन राजस्व गांवो की जनसंख्या 2011 में 500 से अधिक हो गई को इस योजना में शामिल करते हुये सड़को से जोड़ा जावे तथा 250 की जनसंख्या वाले राजस्व गांवो को भी सड़क से से जोड़ने की कार्यवाही अमल में लाई जावे ।